संख्या-82/1102/84-1-13-1060/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 01 नवम्बर, 2013

विषय- भारतीय मानक ब्यूरो की 22वीं बैठक दिनॉक 21 मई, 2013 के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-393/निविमावि-मु.सू.प्र.(बी.आई.एस.)2013, दिनॉक 23 अक्टूबर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि भारतीय मानक ब्यूरो की 22वीं बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु सं0-8(1) विधिक माप विज्ञान विभाग से संबंधित होने के कारण विभाग के सभी प्रवर्तन अधिकारियों को दीपावली के अवसर पर चीन के निर्मित लैम्प सीरिज के पैकेटों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। अत: अनुरोध है कि कृपया अपने आदेशों के क्रम में जनपदवार, निरीक्षकवार कितने छापे मारे गये हैं तथा उनके सापेक्ष कितनी धनराशि शमन शुल्क के रूप में वसूल की गई है तथा कितने केसों को मा0 न्यायालय को संदर्भित किया गया है, के संबंध में सूचना शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in